उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

## गुरूवार, 27 अग्रहायण, शक संवत्, 1930

**( दिनांक : 18 दिसम्बर, 2008 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"** )।

2. निधन के निदेश।

3. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड विधान सभा के वर्ष, 2008 के प्रथम सत्र में, उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य-संचालन नियमावली, 2005 के नियम-300 के अन्तर्गत प्राप्त सूचनाओं पर कृत कार्यवाही का विवरण, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा जारी किये गये प्रक्रिया संबंधी निदेश संख्या-14 (3) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखेंगे।

4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

5. श्री सुरेन्द्र राकेश, सदस्य विधान सभा, "भगवानपुर विधान सभा क्षेत्र जनपद- हरिद्वार में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण के संबंध में" श्री राव अथर खां पुत्र असगर खां निवासी, उप प्रधान सिकरोठा, जनपद- हरिद्वार एवं अन्य निवासी गण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

7. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

8. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

9. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

   (कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-**''ख''**)

10. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

11. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद (संशोधन) विधेयक, 2008 पर विचार किया जाय। (15 मिनट)

12. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद (संशोधन) विधेयक, 2008 पारित किया जाय।

13. पंचायतीराज मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड पंचायत विधि (संशोधन) विधेयक, 2008 पर विचार किया जाय। (15 मिनट)

14. पंचायतीराज मंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड पंचायत विधि (संशोधन) विधेयक, 2008 पारित किया जाय।

15. श्री हरभजन सिंह चीमा, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-105 के अन्तर्गत दिनांक 14 मार्च, 2008 को प्रस्तुत निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा जारी :-

> "राज्य के विकेन्द्रीकृत विकास में सुधार के लिये राज्य की प्रशासनिक इकाईयों का पुनः परिसीमन कराया जाए।"

16. श्री दिनेश अग्रवाल, सदस्य विधान सभा द्वारा निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा :-

> "देहरादून शहर के सहस्त्रधारा रोड में रिहायशी कालोनियों के बीच निस्तारित किये जा रहे कूड़ाघर को जनस्वास्थ्य की दृष्टि एवं महामारी से बचने के लिए तत्काल हटाया जाये।"

17. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

18. "विधान सभा क्षेत्र भिक्यासैण में वित्तीय स्वीकृति के उपरान्त भी 14 सड़कों का निर्माण न होने से उत्पन्न स्थिति के सम्बन्ध में" श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 16 दिसम्बर, 2008 को दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

19. "उत्तराखण्ड में विश्व बैंक के तहत पोषित दो जिलों को विश्व बैंक परियोजना से हटा कर अन्य जिलों की भांति सामान्य प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत लिये जाने के संबंध में" श्री पुष्पेश त्रिपाठी, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 16 दिसम्बर, 2008 को दी गई सूचना पर, ग्राम्य विकास मंत्री का केवल वक्तव्य।

20. "मण्डल मुख्यालय पौड़ी से सटी गगवाड़स्यू घाटी में झील निर्माण के संबंध में" श्री यशपाल बेनाम, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 16 दिसम्बर, 2008 को दी गई सूचना पर, पर्यटन मंत्री का केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 18 दिसम्बर, 2008**

**(महेश चन्द्र)**
**सचिव।**

# नत्थी "ख"

कार्यमंत्रणा समिति ने अपनी दि0 17—12—2008 की बैठक में दि0 19—12—2008 तक के उपवेशन के कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है:—

18, बुधवार

**1— विधायी कार्य—**

(1) उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद (संशोधन) विधेयक, 2008 पर विचार एवं पारण। **(15 मिनट)**

(2) उत्तराखण्ड पंचायत विधि (संशोधन) विधेयक, 2008 पर विचार एवं पारण। **(15 मिनट)**

**2— असरकारी कार्य—**

(1) श्री हरभजन सिंह चीमा, सदस्य विधान सभा द्वारा दि0 14 मार्च, 2008 को प्रस्तुत प्रस्ताव पर चर्चा:—

"राज्य के विकेन्द्रीकृत विकास में सुधार के लिए राज्य की प्रशासनिक इकाईयों का पुनः परिसीमन कराया जाय"

(2) नियम—105 के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा:—

श्री दिनेश अग्रवाल

"देहरादून शहर के सहस्त्रधारा रोड़ में रिहायशी कालोनियों के बीच निस्तारित किये जा रहे कूड़ाघर को जनस्वास्थ्य की दृष्टि एवं महामारी से बचने के लिए तत्काल हटाया जाय।"

**19 शुक्रवार**

**विधायी कार्य (आधा दिवस)**

(1) उत्तराखण्ड माल के स्थानीय क्षेत्रों में प्रवेश पर कर विधेयक, 2008 पर विचार एवं पारण। (1 घण्टा )

निम्नलिखित संकल्प का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चाः–

असरकारी कार्य–

श्री चन्दन रामदास

''यह सदन केन्द्र सरकार से संस्तुति करता है कि सैनिक सकूल घोड़ाखाल जिला नैनीताल में उत्तराखण्ड का कोटा दुगना किया जाय ताकि युवाओं में सेना में अधिकारी बनने की रूचि बढ़ सके।

तृतीय सत्र, 2008
का प्रथम गुरूवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## गुरूवार, 27 अग्रहायण, शक संवत्, 1930

## ( दिनांक : 18 दिसम्बर, 2008 )

## नत्थी "क"

## तारांकित प्रश्न

| सदस्य / दिनांक | प्रश्न | विभाग |
|---|---|---|
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>6–10–2008 | *1. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंह नगर में ग्रीष्म कालीन धान की खेती कितने क्षेत्र में हो रही है? क्या इससे भूमि के जल स्तर में कमी आ रही है? यदि हाँ, तो जल स्तर में आ रही कमी के संबंध में सरकार की क्या नीति है? | कृषि |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>6–10–2008 | *2. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर में अशैक्षणिक रिक्त पदों पर शिक्षकों से कार्य लिए जाने के क्या कारण है? क्या यह सही है कि इससे शैक्षणिक कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है? यदि हाँ, तो इस विसंगति को दूर करने की क्या योजना है? | कृषि |
| श्री किशोर उपाध्याय<br>13–10–2008 | *3. क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून महायोजना की अवधि कब समाप्त हुयी है? क्या नवीन महायोजना की अधिसूचना कर दी गयी है? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | तृतीय सोम0 के तारा0 4 में स्था0 |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>14–10–2008 | *4. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि एस0सी0पी0 योजना के अन्तर्गत गत बजट निर्धारण के मापदण्ड क्या है? विगत तीन वर्षों में कितना बजट आवंटित एवं खर्च हुआ? क्या सरकार द्वारा योजना आयोग भारत सरकार के दिशा निर्देशों का पालन किया है? यदि नहीं, तो क्यों और इसके क्या कारण है? | समाज कल्याण |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>15–10–2008 | *5. क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में पालतू पशुओं की 17वीं पशुगणना के सापेक्ष 18वीं पशुगणना में पशुधन में कितनी वृद्धि हुई है? यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं? | पशुपालन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री किशोर उपाध्याय<br>15–10–2008 | ***6.** क्या नगर विकास मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश की घनी बस्तियों में विभिन्न मोबाइल फोन कम्पनियों द्वारा मोबाइल टावरों की स्थापना की गयी है? यदि हाँ, तो मोबाइल टावरों की स्थापना से वहां निवास कर रहे निवासियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए सरकार इस संबंध में क्या कार्यवाही कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **तृतीय सोम0 के तारां0 4 में स्था0** |
| श्री किशोर उपाध्याय<br>16–10–2008 | ***7.** क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनाकांक्षाओं एवं प्रदेश की विषम भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए त्वरित विकास हेतु सरकार नवीन विकास खण्डों का सृजन करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **ग्राम्य विकास** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>24–10–2008 | ***8.** क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गत तीन वर्षों में क्रय किए गए कृषि यंत्रों और व्यय की गई धनराशि का जनपदवार विवरण क्या है? क्या यह सत्य है कि ऐसे बड़े–बड़े यन्त्रों को क्रय किया गया है जिनकी कोई उपयोगिता नहीं है एवं कृषकों द्वारा इन यंत्रों को बेच दिए जाने की आशंका है? यदि हाँ, तो इस अविवेकपूर्ण क्रय के लिए दोषियों के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई है? | **कृषि** |
| श्री यशपाल बेनाम<br>03–11–2008<br>श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>25–11–2008 | ***9.** क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला पंचायत अध्यक्षों व ब्लाक प्रमुखों के चुनाव भविष्य में सीधे जनता द्वारा कराये जाने पर सरकार विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **पंचायती राज** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>17–11–2008 | ***10.** क्या लघु सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र बीरोंखाल के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2002–03 से 2008–09 तक किन विकास खण्ड़ों की किन ग्राम पंचायतों में लघु सिंचाई योजनाओं का निर्माण करवाया गया है? इन योजनाओं का आकार/सिंचित क्षेत्रफल, स्वीकृत एवं व्यय धनराशि तथा लाभान्वित परिवारों का विवरण क्या है? क्या यह सत्य है कि अधिकांश योजनाएं बिना पानी के बनायी गयी है? यदि हॉ, तो बिना पर्याप्त पानी के योजनाएं बनाए जाने के कारण क्या है? यदि नहीं, तो योजनावार पानी का डिस्चार्ज क्या है? | **लघु सिंचाई** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>19–11–2008 | ***11.** क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत है कि राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना के अन्तर्गत दी जा रही मजदूरी अत्यधिक कम है? यदि हॉ, तो क्या सरकार उक्त मजदूरी को 200 रू0 प्रतिदिन किये जाने पर विचार कर रही है? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों? | **ग्राम्य विकास** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>19–11–2008 | ***12.** क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राष्ट्रीय रोजगार ग्रामीण योजना के अन्तर्गत, कार्य क्या क्या है?कौन से कार्य आच्छादित है? क्या सरकार प्रदेश की भौगोलिक परिस्थिति को ध्यान में रखते हुये तथा जनता की मांग के अनुरूप राष्ट्रीय रोजगार ग्रामीण योजना के अन्तर्गत अन्य कार्यो को भी किये जाने हेतु कोई नीति बनायेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों? | **ग्राम्य विकास** |
| श्री केदार सिंह रावत<br>21–11–2008 | ***13.** क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ए0पी0एल0 परिवारों हेतु प्रदेश में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों से प्रति परिवार गेहूँ चावल तथा चीनी की मात्रा तय की गयी है? यदि हॉ, तो कितनी और वर्तमान में कितनी मात्रा की आपूर्ति की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति** |

# <u>अतारांकित प्रश्न</u>

| | | |
|---|---|---|
| डा0 शैलेन्द्र मोहन सिंघल<br>6–10–2008 | **1.** क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जसपुर नगर पालिका परिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत पर जिलाधिकारी ऊधमसिंह नगर द्वारा जांच की रिपोर्ट शासन को प्रेषित की गयी थी? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा उस पर क्या कार्यवाही की गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | **शहरी विकास** |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>7–10–2008 | **2.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनु0 जनजाति के छात्रों को रा0आ0प0 विद्यालयों में कक्षा 10 (दस) तक की शिक्षा दी जाती है? क्या यह सत्य है कि कक्षा 10 से ऊपर की शिक्षा की सुविधा न होने के कारण जन–जाति के गरीब छात्र कक्षा दस से आगे की शिक्षा को ग्रहण करने में असमर्थ रहते हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार उत्तराखण्ड के जन–जाति के छात्रों को शिक्षा प्रदान करने वाले समस्त रा0आ0प0 विद्यालयों को उच्चीकृत करने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **समाज कल्याण** |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>14–10–2008 | **3.** क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में अनुसूचित जाति/जनजाति के बी0पी0एल0 भूमिहीन परिवारों की संख्या कितनी है? सरकार ने जनपदवार कितने अनुसूचित जाति/जनजाति के परिवारों को भूमि आवंटित कर अब तक लाभान्वित किया है? क्या सरकार इस संबंध में ठोस कार्यवाही करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **द्वितीय सोम0 के अता0 11 में स्था0** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>15–10–2008 | **4.** क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड कलजीखाल के स्थान सरोड़ा में स्थापित राजकीय पशु चिकित्सालय सरोड़ा–मरोड़ा के लिए दान दी गई भूमि का अभी तक दाखिल खारिज विभाग के नाम नहीं चलाया गया है? यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं? क्या यह सत्य है कि इस चिकित्सालय के लिए निर्मित आवासीय भवनों में किसी कर्मचारी के निवास न करने के कारण ये भवन क्षतिग्रस्त होते जा रहे हैं? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि भवनों के निर्मित होने से अब तक कौन कौन कर्मचारी कब से कब तक इन भवनों में निवास करते रहे हैं और उनका कब–कब कितना–कितना हाउस रेन्ट काटा गया है? | **पशुपालन** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>15–10–2008 | **5.** क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पूर्व स्थापित नैसर्गिक अभिजनन केन्द्रों को बन्द कर दिया गया है? यदि हाँ, तो जनपद पौड़ी गढ़वाल में किन–किन केन्द्रों को कब–कब बन्द किया गया है और इनके स्थान पर क्या वैकल्पिक व्यवस्था की गई है? | **पशुपालन** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>15–10–2008 | **6.** क्या पशुपालन मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड कोट के स्थान बसन्तपुर में पशुधन प्रसार केन्द्र / पशु सेवा केन्द्र के लिए निर्मित भवन अनुरक्षण के अभाव में धीरे–धीरे क्षतिग्रस्त होते जा रहे हैं क्या यह सत्य है कि यह केन्द्र वर्षों से बन्द पड़ा हुआ है? यदि हां, तो इस केन्द्र के नियमित एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए निर्मित भवनों के अनुरक्षण हेतु की गई कार्यवाही का विवरण क्या है तथा कब तक इस मृत पशुधन प्रसार केन्द्र को पुनर्जीवित किए जाने की सम्भावना है? यदि नहीं, तो क्यों? | **पशुपालन** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>15–10–2008 | **7.** क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड कोट के स्थान बहेड़ाखाल में स्थित पशुधन प्रसार केन्द्र के आवासीय भवनों में जलापूर्ति एवं विद्युत आपूर्ति बंद है? यदि हां तो जलापूर्ति एवं विद्युत आपूर्ति बहाल किए जाने के सम्बन्ध में पशुपालन विभाग द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई है एवं कब तक इन भवनों की जलापूर्ति एवं विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करवाई जायेगी? | **पशुपालन** |
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>16–10–2008 | **8.** क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में बी0पी0एल0 परिवारों की जनपदवार संख्या क्या है? क्या समस्त बी0पी0एल0 परिवारों को बी0पी0एल0 राशन कार्ड दे दिये गये हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | **ग्राम्य विकास** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>16–10–2008 | **9.** क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिलाधिकारी, पौड़ी गढ़वाल को सम्बोधित मुख्य चिकित्साधिकारी, पौड़ी के पत्रांक एस0ए0डी/गवाणी/2007/1214 दिनांक 19/5/2007 के द्वारा राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय गवाणी के मुख्य भवन तथा चिकित्साधिकारी आवास के मध्य जलागम परियोजना के जीर्ण–शीर्ण भवन को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को हस्तान्तरित कराने का अनुरोध किया गया है? यदि हाँ, तो उक्त प्रकरण में अब तक क्या कार्यवाही की गई तथा जलागम परियोजना के जीर्ण–शीर्ण भवन को कब तक हस्तान्तरित कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **द्वितीय गुरू0 के अता0 2 में स्था0** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>20–10–2008 | **10.** क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत संचालित सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानों में खाद्यान्न एवं अन्य नियन्त्रित वस्तुओं की बिक्रीदर तथा स्टाक का विवरण अंकित न होने के कारण विक्रेता उपभोक्ताओं से नियत दर से अधिक मूल्य वसूल रहे हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार उपभोक्ताओं को नियत दर पर उक्त सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए प्रभावी कार्यवाही करेगी? | **खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति** |
| श्री खड़क सिंह वोहरा<br>20–10–2008 | **11.** क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर का देहरादून स्थित सूचना एवं सेवा केन्द्र किस उद्देश्य से स्थापित किया गया है? क्या यह सत्य है कि इस सूचना एवं सेवा केन्द्र में किसानों को कृषि सम्बन्धी नवीनतम जानकारी नवीनतम शोध एवं बीज की जानकारी देने के लिए विषय विशेषज्ञ नहीं है? इस सूचना एवं सेवा केन्द्र से वर्ष 2005 से अब तक कितने कृषकों ने इस केन्द्र की सेवा का लाभ उठाया और कितने कृषक और विश्वविद्यालय के शिक्षक/अधिकारी रात्रि विश्राम के लिए यहाँ ठहरे? यदि नहीं, तो क्यों? | **कृषि** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>21–10–2008 | **12.** क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज–II के अन्तर्गत निर्मित देवप्रयाग–व्यासघाट मोटर मार्ग निर्माण में रही त्रुटियों का निस्तारण करने और इस मोटर मार्ग को बस सेवाओं के संचालन हेतु उपलब्ध करवाए जाने के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री कार्यालय के पत्र संख्या GE/9749/2007(20) दिनांक 02 अगस्त 2007, GE/10960/XXXV-2/2008(1) दिनांक 07 सितम्बर 2007 द्वारा दी गई जानकारी और जारी निर्देशों पर अब तक क्या कार्यवाही की गई है और वर्णित मोटर मार्ग कब तक बस सेवाओं के संचालन हेतु उपलब्ध करादिये जायेंगे? क्या यह भी सत्य है कि उक्त मोटर मार्ग का निर्माण कार्य 30 जून 2006 को सम्पन्न हो गया था? यदि हाँ, तो तब से अब तक इस मार्ग को बस सेवाओं के संचालन हेतु उपलब्ध न करवाए जाने के प्रति कौन उत्तरदायी है? | **ग्राम्य विकास** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र राकेश<br>22–10–2008 | **13.** क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में गत वर्षों के सापेक्ष इस वर्ष कृषि फसलों का उत्पादन घटा है? यदि हाँ, तो उत्पादन घटने के क्या कारण है? क्या सरकार द्वारा उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई ठोस योजना बनाई जा रही है? यदि हाँ, तो योजना का विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | **कृषि** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>22–10–2008 | **14.** क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड अवस्थापना विकास निगम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समायोजित किए जाने के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री को सम्बोधित प्रश्नकर्ता के पत्रांक 789 / विधायक / 1–स्थापना / 2008–09 दिनांक 17 / 4 / 2008 के उत्तर में सचिव, मुख्यमंत्री के पत्र संख्या VIP / 3056 / XXX–1 / 2008(2) दिनांक 24 अप्रैल 2008 के द्वारा प्रमुख सचिव, समाज कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड शासन को प्रेषित पत्र पर अब तक की गई कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है? | **समाज कल्याण** |
| श्री खड़क सिंह बोहरा<br>23–10–2008 | **15.** क्या शहरी विकास मंत्री अपने पत्र संख्याः 1185 / म0श0वि0 / 08 –03 (नियम–300) / 08 दिनांक 08–09–08 के संदर्भ में बताने का कष्ट करेंगे कि नगर निगम, देहरादून द्वारा पशुओं का गोबर नालियों, सड़कों तथा प्लाट में डालकर गन्दगी फैलाने वाले डेयरी स्वामियों के 01–04–07 से 31–03–08 तक अवधि में 309 तथा 01–04–08 से 08–08–08 तक किये गये 209 चालानों पर आगे क्या कार्यवाही की गयी? क्या 'हरियाणा डेरी' हटा ली गयी है? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों? | **शहरी विकास** |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>23–10–2008 | **16.** क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि 60–पन्तनगर–गदरपुर विधान सभा क्षेत्र में किन–2 मार्गों का निर्माण मण्डी समितियों द्वारा किया जा रहा है तथा उन मार्गों की स्वीकृति तिथि क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त मार्गों का निर्माण कब तक पूर्ण हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **कृषि** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>24–10–2008 | **17.** क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गढ़वाल मण्डल के मुख्यालय में अपर कृषि निदेशक का पद सृजित किया गया है? यदि हाँ, तो उक्त को नियमावली में क्या–क्या वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार दिए गए हैं? | **कृषि** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>27–10–2008 | **18.** क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत वर्ष 2007–08 तथा वर्ष 2008–09 में किन–किन खण्ड विकास अधिकारियों का स्थानान्तरण कहां से कहां, कितनी–कितनी अवधि में, किन–किन कारणों से किया गया है? | **ग्राम्य विकास** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>27–10–2008 | **19.** क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड पोखड़ा मुख्यालय में कर्मचारियों/अधिकारियों के लिए आवासीय भवनों के निर्माण के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता के पत्र दिनांक 13/11/07 के सन्दर्भ में मंत्री जी के पत्रांक 2415/वीआईपी/07 दिनांक 20/11/2007 पर अब तक क्या कार्यवाही की गई और कब तक आवासीय भवनों का निर्माण करवा दिया जायेगा? | **ग्राम्य विकास** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>27–10–2008 | **20.** क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल बहेड़ाखाल में पशु चिकित्सालय की स्थापना के सम्बन्ध में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पौड़ी गढ़वाल के पत्रांक 994/पशुधन–प0चि0/प्रस्ताव/07–08 दिनांक 10/08/07 के परिपेक्ष में क्षेत्र पंचायत कोट (गढ़वाल) के पूर्व प्रमुख का पत्रांक बहेड़ाखाल/5–पशुपालन/2007–08 दिनांक 30/08/2007 विभाग में कब प्राप्त हुआ है तथा पत्र में वर्णित तथ्यों पर अब तक की गई कार्यवाही और प्रगति का विवरण क्या है? | **पशुपालन** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>31–10–2008 | **21.** क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कृषि विभाग में आत्मा परियोजना संचालित है? यदि हाँ, तो इस परियोजना के अन्तर्गत प्रदेश में निर्मित भवनों, क्रय किए गए कम्प्यूटरों का विवरण तथा इन पर व्यय की गई धनराशि का जनपदवार विवरण क्या है तथा इनका उपयोग किस प्रयोजन के लिए किया जा रहा है? | **कृषि** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>31–10–2008 | **22.** क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अदवाणी–नाहसैण–बहेड़ाखाल–खाण्डा मोटर मार्ग पर स्थित स्थान बहेड़ाखाल को रसोई गैस सिलेन्डरों की आपूर्ति हेतु विस्तार केन्द्र निर्धारित करने के सम्बन्ध में अब तक की गई कार्यवाही की प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक बहेड़ाखाल को रसोई गैस सिलेन्डरों की आपूर्ति हेतु विस्तार केन्द्र निर्धारित किए जाने की सम्भावना है? यदि नहीं, तो क्यों? | **खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>31–10–2008 | **23.** विधान सभा के प्रथम सत्र 2008 के लिए निर्धारित प्रश्नकर्ता के अतारांकित प्रश्न संख्या 3 के उत्तर के सन्दर्भ में क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में स्थित पशु चिकित्सालयों में पशु चिकित्सकों तथा पशुधन प्रसार केन्द्रों में पशुधन प्रसार अधिकारियों के रिक्त पदों पर नियुक्ति किए जाने के सम्बन्ध में अब तक की गई कार्यवाही और हुई प्रगति का विवरण क्या है? | **पशुपालन** |
| श्री चन्दन राम दास<br>03–11–2008 | **24.** क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गरूड़ तहसील जिला बागेश्वर में फल उत्पादन एवं विपणन केन्द्र खोलने हेतु सरकार विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **कृषि** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>03–11–2008 | **25.** क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि कृषि विभाग का पुनर्गठन एक लम्बी अवधि से शासन स्तर पर लम्बित है? यदि हाँ, तो इस लम्बित प्रकरण का निस्तारण कब तक कर दिया जायेगा? क्या यह सत्य है कि सचिव, कृषि विभाग के आदेश संख्या 460 दिनांक 11/7/08 के द्वारा कृषि विभाग में न्याय पंचायत स्तर तक सिंगल विण्डों सिस्टम लागू करने सम्बन्धी शासनादेश जारी किए गए हैं? यदि हाँ तो इन आदेशों के अनुपालन में अब तक क्या कार्यवाही की गयी तथा कब तक कृषि/वन ग्राम्य विभाग एवं लघु सिंचाई आदि विभागों के कार्य जलागम निदेशालय के अधीन कर दिये जायेंगे? | **कृषि** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>03–11–2008 | **26.** क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के बांघाट (सतपुली) स्थित राजकीय खाद्यान्न डिपो के अन्तर्गत सरकारी सस्ते गल्ले की दुकानें किस–किस नाम से, जनपद के किन–किन विकास खण्डों के किन–किन स्थानों पर कब–कब से संचालित है तथा खाद्यान्न डिपो से इन दुकानों की मोटर मार्ग अथवा खच्चर मार्ग एवं पैदल मार्ग से दूरी कितनी है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि डिपो से दुकानों तक नियमित खाद्यान्न ढुलान हेतु प्रति क्विंटल ट्रक अथवा खच्चर भाड़ा कितना–कितना देय है तथा दुकान पर निर्धारित प्रति किलो/लीटर की बिक्री दर क्या है? | **खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>11–11–2008 | **27.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि परित्यक्ता महिलाओं को भी विधवाओं की तरह मासिक पेंशन दिये जाने पर सरकार विचार कर रही है? यदि हॉ, तो परित्यक्ता महिलाओं को कब तक पेंशन का लाभ दिया जायेगा? यदि नही, तो क्यों? | **समाज कल्याण** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>12–11–2008 | **28.** क्या लघु सिंचाई मंत्री अवगत है कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड बीरोखाल के अन्तर्गत जिवई–विरगना मोटर मार्ग निर्माण के मलवे से जिवई हाईड्रम सिंचाई योजना पूरी तरह क्षति ग्रस्त हो चुकी है? क्या ग्रामीणों को इस सिंचाई योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है? यदि हॉ, तो उक्त जिवई हाईड्रम योजना को चालू करवाने की दिशा में क्या प्रयास किये जा रहे है तथा कब तक इस योजना से कास्तकारों को सिंचाई सुविधा मिलनी प्रारम्भ हो जायेगी? क्या लघु सिंचाई विभाग द्वारा इस योजना की क्षतिपूर्ति हेतु लोक निर्माण विभाग से अनुरोध किया गया है? यदि हॉ, तो कब? यदि नही, तो क्यों? | **लघु सिंचाई** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत<br>17–11–2008 | **29.** क्या पशुपालन मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र बीरोंखाल के अन्तर्गत ऐसे कौन–कौन से पशु चिकित्सालय तथा पशु सेवा केन्द्र है जिनके भवनों का निर्माण नहीं हो पाया है? क्या उक्त संस्थाओं के भवन निर्माण हेतु सरकार की योजना है तथा कब तक इन संस्थाओं के लिए भवन निर्माण किये जाने की सम्भावना है? क्या यह भी सत्य है कि विधान सभा क्षेत्र बीरोंखाल के अन्तर्गत अनेक पशु चिकित्सालय एवं पशु सेवा केन्द्र के भवन जीर्ण–शीर्ण स्थिति में है जिनके कारण कभी भी दुर्घटना घट सकती है? यदि हॉ, तो क्या सरकार की इन भवनों की मरम्मत/जीर्णोद्वार अथवा पुनर्निर्माण हेतु कोई योजना विचाराधीन है? | **पशुपालन** |
| सुश्री कैरन मेयर<br>17–11–2008 | **30.** क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत है कि कुष्ठ रोगियों को दी जाने वाली अनुदान/पेंशन रू0 400/– अपर्याप्त है? यदि हॉ, तो क्या सरकार गम्भीर रोगों से पीड़ित कुष्ठ रोगियों के अनुदान/पेंशन में बढ़ोतरी किये जाने पर विचार करेगी, यदि नही, तो क्यों? | **समाज कल्याण** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>19–11–2008 | **31.** क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा में ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना के अन्तर्गत अब तक कुल कितनी धनराशि ब्यय की जा चुकी है? | **ग्राम्य विकास** |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>20–11–2008 | **32.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के विकासखण्ड धारचूला एवं मुनस्यारी में 40% अनुसूचित जाति/जनजाति बाहुल्य ग्राम सभाओं को एस.सी.पी. एवं टी.एस.पी. में सम्मिलित करने के लिए सरकार प्रयास कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **समाज कल्याण** |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>20–11–2008 | **33.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि आदिम जनजाति समूह (पी.टी.जी.) के लिए भारत सरकार द्वारा कौन–कौन सी योजनाएं चलायी जा रही है तथा उनमें से कौन–कौन सी योजनाएं उत्तराखण्ड के आदिम जनजाति समूह के लिए कार्यान्वित की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **समाज कल्याण** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>20–11–2008 | **34.** क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा के अन्तर्गत द्वाराहाट नगर पंचायत में हित–चिंतक भवन निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति शासन द्वारा कब दी गयी थी और वित्तीय स्वीकृति कब तक दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **शहरी विकास** |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>21–11–2008 | **35.** क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र धारचूला के दुर्गम क्षेत्रों में बरसात के दिनों, यातायात व्यवस्था बाधित होने से राशन की आपूर्ति नहीं हो पाती है जिससे क्षेत्रीय जनता को राशन की भारी परेशानियाँ होती हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार बरसात के दिनों में राशन की आपूर्ति बनाये रखने हेतु, दुर्गम क्षेत्रों के गोदामों में पहले से ही खाद्यान्न का कोटा भरवाने पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री केदार सिंह रावत<br>21–11–2008 | **36.** क्या खाद्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गत वर्ष पुनः सर्वेक्षण के अन्तर्गत प्रदेश में कितने बी0 पी0 एल0 परिवारों को चिन्हित किया गया। जनपद उत्तरकाशी में कितने परिवार चिन्हित किये गये? क्या चिन्हित किये गये परिवार बी0पी0एल0 सूची में सम्मिलित किये गये है, यदि हॉ, तो कब? यदि नहीं तो क्यों? | **खाद्य** |
| श्री नारायण पाल<br>21–10–2008 | **37.** क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि ब्लाक कोटाबाग, रामगढ़, बेतालघाट, ओखलकांडा, भीमताल जनपद नैनीताल में वर्ष 2007 से 2008 तक ब्लाक स्तर पर विभिन्न मदों में कितनी धनराशि खर्च हुई है? | **ग्राम्य विकास** |
| श्री गगन सिंह रजवार<br>20–11–2008 | **38.** क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के पर्वतीय अंचलों में निवास करने वाली आदिम जनजाति के संरक्षण व संवर्धन हेतु प्रत्येक परिवार हेतु 5–5 (पाँच–पाँच) एकड़ कृषि भूमि उपलब्ध कराने एवं समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रत्येक परिवार को सरकारी नौकरी देने के लिए सरकार कदम उठा रही है? यदि हाँ, तो कब तक?यदि नहीं, तो क्यों? | **समाज कल्याण** |
| श्री केदार सिंह रावत<br>22–10–2008 | **39.** क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी तहसील बड़कोट की गीठ एवं बजरी पट्टी के गाँवों में इस वर्ष नकदी फसलों जैसे आलू, राजमा, चौलाई एवं ओगला (कुट्टू) का उत्पादन औसत से भी कम हुआ?यदि हाँ तो उक्त दोनों पट्टी के गाँवों के कृषक परिवारों को सरकार क्या अतिरिक्त राहत देने जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **कृषि** |